दिनांक : 08.05.2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से दो दिन के गुजरात दौरे पर, सोमवार को सोमनाथ अमृत महोत्सव में होंगे शामिल।
- पश्चिम बंगााल के नए मुख्यमंत्री बने शुभेंदु अधिकारी, प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की 25 वीं वर्षगांठ पर कल सीहोर में आयोजित होगा रजत जयंती समारोह। मुख्यमंत्री और केन्द्रीय कृषि मंत्री होंगे शामिल।
- मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 24 घंटों के दौरान आंधी बारिश  की जताई संभावना।

**प्रधानमंत्री गुजरात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल से दो दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। दौरे के दूसरे दिन श्री मोदी सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित **सोमनाथ अमृत महोत्सव** में भाग लेंगे। सोमनाथ अमृतपर्व' का आधिकारिक रूप से कल से शुभारंभ हो गया है। यह मंदिर के पुनर्निर्माण की 75वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। पांच दिन के इस उत्सव ने मंदिर परिसर को वैदिक मंत्रों और दिव्य ऊर्जा के केंद्र में बदल दिया है।

प्रधानमंत्री इस अवसर पर सोमनाथ की समृद्ध विरासत और आध्यात्मिक महत्व पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे।

**शुभेंदु अधिकारी–शपथ**

भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी आज पश्चिम बंगाल के नये मुख्यमंत्री बन गये हैं। राज्यपाल आर एन रवि ने मुख्यमंत्री के साथ पांच मंत्रियों को भी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मंत्रियों में दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, निशीथ प्रमाणिक और खुदिराम टुडू शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बनने पर शुभेंदु अधिकारी को बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने जनता से गहराई से जुड़े रहने और उनकी आकांक्षाओं को करीब से समझने वाले नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई है।  इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन के साथ ही आज से सुशासन, सुरक्षा और विकास के एक नवयुग का शुभारंभ हो गया है।

**सिंहस्थ–2028**

सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुगमता से स्नान के लिए शिप्रा तट पर 29 किमी से अधिक लंबाई के नवीन घाट निर्माण किए जा रहे है। संभागायुक्त आशीष सिंह ने आज करीब 6 किलोमीटर क्षेत्र में नदी के किनारे पैदल भ्रमण करते हुए घाट तक पहुंचने के प्रस्तावित 30 मार्गों का चिन्हांकन किया। संभागायुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन घाट तक बनने वाले पहुंच मार्ग सुगम और सुव्यवस्थित हो। संभागायुक्त ने बताया कि

**सीतारामन–जन सुरक्षा**

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना ने 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा की इन योजनाओं का उद्देश्य सभी को विशेष रूप से समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को किफायती वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 27 करोड़ से अधिक नामांकन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 58 करोड़ और अटल पेंशन योजना में 9 करोड़ नामांकन हो चुके हैं।

**सिंधिया– आधारशिला**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल गुना जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान, वे अडानी सीमेंट प्लांट की आधारशिला रखेंगे। यह ग्वालियर–चंबल क्षेत्र का पहला सीमेंट प्लांट होगा।
इस कार्यक्रम के दौरान एक विभागीय प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, और विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लोगों को लाभ वितरित किए जाएंगे। इस दौरे के दौरान कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया जाएगा।

**पीएमजीएसवाई रजत जयंती**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की 25वीं वर्षगांठ पर कल सीहोर जिले के भैरुंदा में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण का शुभारंभ भी किया जाएगा। इस अवसर पर श्री चौहान मुख्यमंत्री मोहन यादव को राज्य में 973 सड़कों के लिए वित्तीय आवंटन और स्वीकृति पत्र सौंपेंगे। इन सड़कों की कुल लंबाई दो हजार एक सौ किलोमीटर से अधिक होगी।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि इन परियोजनाओं से राज्य की 987 बस्तियों को लाभ होगा।

**नेशनल लोक अदालत**

प्रदेशभर में आज आयोजित लोक अदालत में संपत्ति विवाद, बैंक रिकवरी, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना मुआवजा, भरण–पोषण और वैवाहिक विवाद जैसे मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। **भोपाल** रायसेन सहित अन्य जिलों में भी आयोजित **लोक अदालत में बिजली बिल, जलकर और संपत्ति कर के सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक की छूट का लाभ दिया गया।**

**जल जीवन मिशन**

प्रदेश में जल जीवन मिशन के माध्यम से गांव–गांव तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के प्रयासों को गति मिली है। इसी क्रम में मड़िया ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत सागर जिले के राहतगढ़ विकासखंड के 131 ग्राम, जैसीनगर के 145 ग्राम, सागर ब्लॉक के 26 ग्राम तथा रायसेन जिले के बेगमगंज विकासखंड के 15 ग्रामों सहित कुल 317 ग्रामों को शुद्ध पेयजल सुविधा से जोड़ा गया है।

## हॉकी सीरीज

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच भोपाल में आयोजित होने वाली अंडर–18 हॉकी सीरीज के लिए भारतीय पुरुष एवं महिला टीमों की घोषणा कर दी गई है। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी, भोपाल के कुल 10 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन हुआ है।
यह सीरीज 15 मई से 20 मई तक खेली जाएगी, जिसमें देश और विदेश के युवा खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे।

## मौसम

प्रदेश में मौसम लगातार करवट बदल रहा है। प्रदेश में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के कारण कई इलाकों में आंधी और बारिश का असर बना हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, सीधी और सिंगरौली जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं झाबुआ में कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने लोगों को तेज गर्मी व लू से बचाव हेतु सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# संक्षिप्त समाचार

- आज गुरूदेव रबींद्रनाथ ठाकुर की 165वीं जयंती है। इस अवसर पर विश्व स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
- त्रिनिदाद और टोबैगो की यात्रा पर गए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत तथा त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच पारंपरिक संबंधों की सराहना की है।
- होर्मुज जलडमरूमध्य के पास कल एक नौका में आग लगने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और चार अन्य झुलस गए। सरकारी सूत्रों ने बताया कि एक जहाज के चालक दल ने नौका में सवार लोगों को बचा लिया।
- खंडवा में जल संरक्षण और नदी संवर्धन को जनआंदोलन कल आबना नदी तट पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- मंदसौर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजन किया गया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जाँचें भी निःशुल्क की गईं।
- आगरमालवा में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, प्रोत्साहित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

------------------------